आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 23.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

यमुना जल परियोजना के लिए एमओयू पर राजस्थान और हरियाणा के बीच सहमति बन गई हैं आज नई दिल्ली में एमओयू को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री पाटिल ने बताया कि इस एमओयू पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर किये जाएंगें

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जतायां उन्होंने कहा कि लम्बे समय से चली आ रही जल बंटवारे की समस्या समाधान के बाद राजस्थान को उसके हिस्से का पानी मिल पाएगां

....

यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र को पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध होगां साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल सकेगां

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जोधपुर के एम्स और पावटा जिला अस्पताल का निरीक्षण कियां मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने पावटा अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने के मामले में यह दौरा किया हैं श्रीमती राठौड़ ने एम्स में भर्ती 2 और पावटा अस्पताल में भर्ती 6 प्रसूताओं के स्वास्थ्य और उपचार की विस्तृत जानकारी लीं उन्होंने चिकित्सकों को सभी मरीजों की 24 घंटे निगरानी करने और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में अलनीनो के मौसम पर पड़ने वाले प्रभाव और कृषि पर इसके असर की समीक्षा के लिए एक बैठक कीं बैठक में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों, सचिवों और आला अधिकारियों ने भाग लियां बैठक में कम वर्षा की स्थिति में आवश्यक तैयारियों, वैकल्पिक फसल योजनाओं और किसानों के हितों की रक्षा पर भी चर्चा हुई सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौहान ने कहा कि अल नीनो की संभावित स्थितियों को देखते हुए सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने और खेती पर पड़ने वाले किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं

000

मौसम विभाग ने आज राज्य के 21 जिलों में आंधी–बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं इस दौरान कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना हैं जोधपुर और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ हल्की बरसात हो सकती हैं हनुमानगढ़ में आज सुबह से ही बादल छाये हुए हैं और रिमझिम बरसात हो रही हैं वहीं पिछले दिनों से जारी प्री–मॉनसून गतिविधियों से लोगों को चिलचिलाती धूप और लू से राहत मिली हैं हालांकि उमस वाली गर्मी से लोग परेशान हैं राज्य के ज्यादातर हिस्सों में तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहा हैं बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर को छोड़कर लगभग सभी जगह तापमान 40 डिग्री सेल्स्यिस से नीचे बना हुआ हैं इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष प्री–मानसून गतिविधियां अच्छी रही हैं एक से 21 जून के बीच प्रदेश में सामान्य से 41 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई हैं

000

आज अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस हैं ये दिन हर साल 23 जून को मनाया जाता हैं इसका उद्देश्य लोगों को खेलों के माध्यम से फिटनेस, शांति, एकता और भाईचारे के लिए प्रेरित करना हैं इस साल की थीम ''यू केन डू दिस, लेट्स मूव'' रखी गई हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी

खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को मजबूत बनाते हैं

000